Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:57 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:19 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 109 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025

करिश्मा ने बच्चों संग मनाया दिवंगत...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## एनएसएस के प्रीआडी शिविर के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित

**नैनीताल** । प्रीआरडी शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना के चयन के लिए नैनीताल के डीएसए मैदान में बुधवार को समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा एक दिवसीय चयन शिविर आयोजित किया गया । बता दें इस चयन शिविर में चयन के लिए कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल से संबद्ध परिसर तथा महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक ने प्रतिभाग किया। चयन में क्षेत्रीय निदेशालय उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के पर्यवेक्षक के रूप में श्री तिवारी उपस्थित हुए। प्रतिनिधि राज्य समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना के रूप में प्रो. जगमोहन सिंह नेगी जिला समन्वयक उपस्थित रहे। शिविर में प्रतिभाग कर रहे स्वयंसेवकों से साक्षात्कार, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा दौड़ तथा ड्रिल के माध्यम से चयन प्रक्रिया संपन्न की गई। चयनित स्वयं सेवक प्रीआरडी शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर आरडी शिविर दिल्ली में प्रतिभाग करेंगे।

भगवान का किया रुद्राभिषेक

# पीएम मोदी ने की आंध्र प्रदेश के मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर में पूजा

**नई दिल्ली/विशाखापत्तनम**
**एजेंसी**

प्रधानमंत्री आज कुरनूल भी जाएंगे और बिजली, रक्षा, रेलवे और पेट्रोलियम जैसे क्षेत्रों में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री सुपर जीएसटी - सुपर बचत नामक एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे, जिसमें लोगों को जीएसटी सुधारों के लाभों के बारे में बताया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को आंध्र प्रदेश दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री ने नंदयाल जिले में श्रीशैलम स्थित श्री भ्रमरम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी वरला देवस्थानम में पूजा-अर्चना की। भाजपा नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने पंचमुरलु (गाय के दूध, गाय के दूध से बनी दही, गाय के घी, शहद और चीनी से बना एक पवित्र मिश्रण) से भगवान का रुद्राभिषेक किया। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और



उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण उनके साथ रहे। आंध्र प्रदेश का मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक और 52 शक्तिपीठों में से एक है। इस मंदिर की एक अनूठी विशेषता यह है कि एक ही परिसर में एक ज्योतिर्लिंग और एक शक्तिपीठ का सह-अस्तित्व है, जो इसे पूरे देश में अपनी तरह का एक अनूठा मंदिर बनाता है।

मंदिर दर्शन के बाद प्रधानमंत्री मोदी श्री शिवाजी ध्यान केंद्र का दौरा करेंगे, जो एक स्मारक परिसर है। इसमें चार कोनों पर स्थित चार प्रतिष्ठित किलों, प्रतापगढ़, राजगढ़, रायगढ़ और शिवनेरी के मॉडल वाला एक ध्यान कक्ष भी शामिल है। बीच में छत्रपति शिवाजी की गहन ध्यान मुद्रा में एक प्रतिमा स्थापित है। श्री शिवाजी स्मारक समिति द्वारा संचालित यह ध्यान कक्ष 1677 में छत्रपति शिवाजी की इस पवित्र तीर्थस्थल की ऐतिहासिक यात्रा के उपलक्ष्य में स्थापित किया गया था। इसके बाद, प्रधानमंत्री कुरनूल जाएंगे और बिजली, रक्षा, रेलवे और पेट्रोलियम जैसे क्षेत्रों में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री सुपर जीएसटी - सुपर बचत नामक एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे, जिसमें लोगों को जीएसटी सुधारों के लाभों के बारे में बताया जाएगा। इससे पहले, कुरनूल हवाई अड्डे पर राज्यपाल एस अब्दुल नजीर, मुख्यमंत्री नायडू और अन्य ने उनका स्वागत किया।

# डीएम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने क्वारब, खैरना में खाद्य सामग्री की स्थिति जांची

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल के दिशा-निर्देशों के क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग ने क्वारब चैकपोस्ट, खैरना में दर्जनों वाहनों की जांच कर खाद्य सामग्री परिवहन करने की स्थिति जांची। इस दौरान रोडवेज एवं प्राइवेट बसों, प्राइवेट छोटे वाहनों और अन्य वाहनों में 20 किलो मावा व 50 किलो मिठाई मिली। संदेह के आधार पर मिठाई और मावा के दो नमूने जांच के लिए रुद्रपुर प्रयोगशाला भेजे गए। इसके बाद टीम ने मनरसा-काकड़ीघाट, सुयालबारी, गंगोरी, छड़ा, खैरना गरमपानी बाजार की दर्जनों दुकानों का भी निरीक्षण कर तीन खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। साथ ही चॉकलेट बर्फी, काजू डोडा बर्फी और मैदा के पांच नमूने भी भरे। खाद्य सामग्री विक्रेताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री विक्रय करने, बगैर बिल खरीद न करने, स्टॉक का विवरण रखने, प्रतिष्ठान को साफ-सुथरा रखने, कर्मचारियों के मेडिकल करवाने का निर्देश दिया। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान ने बताया कि आगामी त्यौहारों को लेकर विभाग द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। मिलावटी खाद्य सामग्री का विक्रय नहीं होने दिया जाएगा। ऐसा करने वालों के खिलाफ विभाग सख्त से सख्त कार्यवाही करेगा। टीम में क्वारब पुलिस चौकी प्रभारी मनोज सिंह ,कांस्टेबल रीता, राजेंद्र मेर आदि रहे।





# ऑल सेंट्स कॉलेज को राष्ट्रीय रैंकिंग में उत्कृष्टता सम्मान

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

शिक्षा के क्षेत्र में अपनी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नैनीताल के प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज ने एक बार फि र राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान बनाई है। एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2025-26 में कॉलेज को सर्टिफि केट ऑफ एकसीलेंस से सममानित किया गया है।

कालेज प्रबंधन के मुताबिक कॉलेज ने विंटेज लेगेसी गर्ल्स बोर्डिंग स्कूल्स (इंडिया टॉप-20) श्रेणी में भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही ऑल सेंट्स कॉलेज को उत्तराखंड में भी प्रथम स्थान का गौरव हासिल हुआ है। यह कामयाबी संस्थान की सौ वर्ष से भी अधिक पुरानी गौरवशाली शैक्षिक विरासत, उत्कृष्ट शिक्षण पद्धति तथा छात्राओं के समग्र विकास के प्रति समर्पण का प्रतीक है।सममान समारोह के दौरान कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजिना रिचर्ड्स और अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती ज्योतिका गिल ने यह पुरस्कार काउंसिल फ ॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफि केट एग्जामिनेशंस के मुखय कार्यकारी एवं सचिव डा. जोसेफ इमैनुअल से प्राप्त किया।



कार्यक्रम के दौरान फ्राम ग्रेड्स टू ग्रोथ मेकिंग स्किलिंग ए हाई प्रायॉरिटी इन स्कूल्स विषय पर एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई। इस चर्चा में मेयो कॉलेज अजमेर के प्रिंसिपल सौरव सिन्हा, सनबीम ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस की डायरेटर अमृता बर्मन, वर्ल्ड एकेडमी ऑफ करियर प्रोग्रामस के मुखय कार्यकारी अधिकारी ऋषि शर्मा, बैनक्यू इंडिया की एसोसिएट डायरेटर मार्कॉम अन्नकिता करवा तथा यूनिवर्सल एजुकेशन के रीजनल डायरेकटर कर्नल ए. शेखर पैनलिस्ट के रूप में शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन एजुकेशन वर्ल्ड के प्रकाशक एवं संपादक दिलीप ठाकुर द्वारा किया गया।इस प्रतिष्ठित कामयाबी ने एक बार फि र साबित कर दिया है कि ऑल सेंट्स कॉलेज न केवल प्रदेश बल्कि पूरे देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आदर्श शिक्षण संस्थानों की श्रेणी में अग्रणी स्थान रखता है। इस कामयाबी से ऑल सेंट्स की सभी छात्राएँ हर्षित हैं और सभी गुरुजनों तथा अन्य स्टाफ में भी उत्साह और प्रसन्नता है।

## शेरवुड कालेज को आवासीय विद्यालय रैंकिंग में देश में दूसरा स्थान

**नैनीताल** । एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग में नगर के प्रतिष्ठित शेरवुड कालेज को आवासीय विद्यालय की रैंकिंग में देश में दूसरा व राज्य में पहला स्थान मिला है।

बता दें कि एजुकेशन वर्ल्ड राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय में दी जानी वाली शिक्षा की गुणवत्ता, खेल के स्तर व शिक्षणेत्तर कार्यक्रमों तथा छात्रों के स्कूल छोडने के बाद की व्यावसायिकता की सफलता के आधार पर सर्वे के बाद प्रत्येक वर्ष देश के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को रैंकिंग के आधार पर सममानित करती है। शेरवुड कालेज को आवासीय विद्यालयों श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर यह सममान हासिल किया है। शेरवुड कालेज के प्रधानाचार्य अमनदीप संधु ने इस कामयाबी को लेकर कहा कि अवार्ड पाने से अधिक उसे कायम रखना बड़ी चुनौती होती है जिसका वह पिछले कई वर्षों से निर्वहन करते आ रहे हैं।



# दीपावली को लेकर खिलौने की दो निर्माण इकाइयों का निरीक्षण

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

दीपावली पर्व की दृष्टिगत एवं आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा जिला अधिकारी महोदय नैनीताल के आदेश के क्रम मे प्रशिक्षु आईएएस अंशुल भट्ट जी के नेतृत्व में के नेतृत्व में हल्द्वानी में खिलौने की दो निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया गया जहां पर खिलौने के दो नमूने भरे गए। एक प्रतिष्ठित मिष्ठान की दुकान से खोवा का नमूना लिया गया एवं बरेली से आ रही रोडवेज बस से तीन क्विंटल मिठाई पाई गई जिसे जप्त कर लिया गया। उक्त रोडवेज से जप्त मिठाई को किसी व्यक्ति द्वारा क्लेम नहीं किया गया है प्रवर्तन टीम में श्री अंशुल भट्ट सर प्रशिक्षु आईएएस उपयुक्त कुमाऊँ मंडल खाद्य सुरक्षा राजेंद्र सिंह, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी नैनीताल अनिल कुमार मिश्रा वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी हल्द्वानी अभय कुमार सिंह एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी नंदकिशोर शामिल रहे।

# पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तराखंड द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारत के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म जयंती के अवसर पर विधानसभा में बूथ 131 इंदिरा नगर वार्ड नंबर 32 में जियाउद्दीन जी जिला संयोजक आत्मनिर्भर भारत नैनीताल के कार्यालय पर डॉ कलाम को पुष्पांजलि अर्पित की गई। और जियाउद्दीन कुरैशी को आत्म निर्भर भारत कार्यक्रम का जिला संयोजक नैनीताल जिला संयोजक नैनीताल नियुक्त होने पर उनका स्वागत किया गया एवं सभी उपस्थित लोगों ने उन्हें बधाइ एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जहीर अंसारी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संयोजक डॉ एपीजे कलाम जन्म जयंती कार्यक्रम भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तराखंड जियाउद्दीन कुरैशी जिला संयोजक नैनीताल आत्मनिर्भर भारत के जन्म जयंती कार्यक्रम भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तराखंड शाहिद हुसैन, लाल मोहम्मद ठेकेदार, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद फरीद सैफी, वसीम कुरेशी, शावैस कुरैशी, अर्श सिद्दीकी, आदि उपस्थित रहे ।



## NEWS / फटाफट

### नये स्थान पर स्थापित की पंत मूर्ति

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल रिकशा स्टेंड के समीप स्थित पंडित गोविंद बल्लभ पंत की मूर्ति को नये स्थान पर स्थापित कर दिया गया है। जल्द ही लोनिवि चौराहे का चौड़ीकरण का कार्य शुरु करेगी। लोनिवि अधिशासी अभियंता रत्नेश सकसेना ने बताया कि जल्द ही चौराहे का चौड़ीकरण किया जाएगा। पुराने स्थान से मूर्ति हटने से नवनर्मित नयना देवी मंदिर के गेट के समीप भी चौड़ीकरण होने से लोगों की आवाजाही आसान हो सकेगी।

### ज्योलीकोट से बल्दियाखान तक पैच कार्य शुरू

**नैनीताल** । नैनीताल- काठगोदाम रोड पर गड्ढों भरी सडक़ पर अब लोगों को सफर नहीं करना पड़ेगा। रानीबाग क्षेत्र में पैच भरने के बाद अब विभाग ने ज्योलीकोट से बल्दियाखान के बीच सडक़ के गड्ढों को भरना शुरू कर दिया है। एनएच के सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल ने बताया कि विभाग की ओर से रानीबाग से ज्योलीकोट तक पैच कार्य लगभग हो चुका है। बताया कि अब ज्योलीकोट से बल्दियाखान की ओर पैच भरे जा रहे हैं।

### बेलुवाखान ग्राम पंचायत में लगाया पशु चिकित्सा शिविर

**नैनीताल** । सचल पशु चिकित्सालय भीमताल के सहयोग से बेलुवाखान ग्राम पंचायत में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। बेलुवाखान की ग्राम प्रधान डॉ. बबिता मनराल ने बताया कि शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत के बल्दियाखान क्षेत्र में किया गया। शिविर में लगभग 20 बड़े पशु व 35 छोटे पशुओं को विभिन्न बीमारियों से बचाव हेतु दवाई का वितरण किया गया साथ ही 11 कुत्तों को एंटी रेबीज का टीका लगाया गया। शिविर में क्षेत्र पंचायत सदस्य कमला जोशी समेत हिमांशु पांडे, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विनीता टोलिया, सरिता तड़ागी, कृष्ण पाल, संजय कुमार, हरीश भट्ट, योगेश बोरा, अमन जोशी तथा तारा दत्त जोशी ने प्रतिभाग किया।

### विधायक कैड़ा ने किया डामरीकरण कार्य का निरीक्षण



**नैनीताल।** भीमताल विधानसभा क्षेत्र के धारी बलाक के पदमपुरी से सरना गुनियालेख, पलड़ा मोटर मार्ग लंबे समय से खराब था । दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती थी। क्षेत्र के लोगो को अपना उत्पादन मंडी लाने में काफ ी परेशानियों का समाना करना पड़ता था। ग्रामीणों ने विधायक राम सिंह कैड़ा से मोटर मार्ग पर डामरीकरण करने की मांग की।

इस बीच विधायक कैड़ा ने मोटर मार्ग पर डामरीकरण के लिए 1 करोड़ 50 लाख स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य शुरू हुआ है। विधायक राम सिंह कैड़ा ने मोटर मार्ग पर डामरीकरण निर्माण कार्य का बुधवार को निरीक्षण किया। विधायक कैड़ा ने अधिकारियों को डामरीकरण का कार्य गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा जनता के पैसों का दुरप्रयोग नहीं होने दिया जायेगा। डामरीकरण की गुणवत्ता खराब होने पर विभाग के अधिकारियों पर कार्यवाही की जायेगी। विधायक कैड़ा ने कहा मोटर मार्ग पर डामरीकरण का कार्य पूरा होने के बाद ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हो जायेगा।

### नशामुक्त भारत अभियान:चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल** । नैनीताल जिले के शहीद श्री खेमचंद्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में बुधवार को नशामुक्त भारत अभियान की 5वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर एंटी ड्रग सेल द्वारा महाविद्यालय में एंटी ड्रग सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार द्वारा की गई। निर्णायक मंडल में डॉ.0 जयति दीक्षित, श्रीमती ममता पांडे तथा डॉ0 निर्मला रहे । एंटी ड्रग सेल के संयोजक डॉ0 इप्सिता सिंह ने प्रतियोगिता के मापदंडों के बारे में बताया। प्रतियोगिता में सुनील कुमार, रश्मि भंडारी, नीमा बैरी व निकिता और पायल नेगी ने स्लोगन प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया । कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ दीपक ने किया । प्रतियोगिता में समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# शेरवुड कालेज राज्य में पहला व आल सेंट्स को गर्ल्स बोर्डिंग का राष्ट्रीय एक्सीलेंस का अवार्ड

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2025-26 में नगर के दो प्रतिष्ठित विद्यालयों ने अपना गौरव बरकरार रखा है। जिसमें शेरवुड कालेज को आवासीय विद्यालय की रैंकिंग में देश में दूसरा व राज्य में पहला स्थान मिला है, जबकि आल सेंट्स कालेज को सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस के खिताब से नवाजा गया है। एजुकेशन वर्ल्ड राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय में दी जानी वाली शिक्षा की गुणवत्ता, खेल के स्तर, शिक्षणेत्तर कार्यक्रमों तथा छात्रों के स्कूल छोड़ने के बाद की व्यावसायिकता की सफलता के आधार पर सर्वे के बाद प्रत्येक वर्ष देश के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को रैंकिंग के आधार पर सम्मानित करती है। शेरवुड कालेज को आवासीय विद्यालयों श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान हासिल किया है। इधर आल सेंट्स कालेज ने विंटेज लेगेसी गर्ल्स बोर्डिंग स्कूल्स (इंडिया टॉप 20) श्रेणी में भारत में प्रथम व उत्तराखंड में भी प्रथम स्थान का गौरव हासिल हुआ है। शेरवुड कालेज के प्रधानाचार्य अमनदीप संधु ने इस उपलब्धि को लेकर कहा कि अवार्ड पाने से अधिक उसे कायम रखना बड़ी चुनौती होती है, जिसका वह पिछले कई वर्षों से निर्वहन करते आ रहे हैं। आल सेंट्स की प्रधानाचार्य अंजिना रिचर्ड्स ने कहा कि कड़ी प्रतिस्पर्धा के दौर में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान गौरव बड़ी बात है। इस सम्मान को भविष्य में भी यथावत रखने का प्रयास करेंगी।



# 31वीं वाहिनी पीएसी में तीन दिवसीय द्वितीय प्रादेशिक अन्तर जनपदीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

31वीं वाहिनी पीएसी में आयोजित तीन दिवसीय द्वितीय प्रादेशिक अन्तर जनपदीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ डीएम नितिन भदौरिया, सेनानायक पंकज भट्ट ने खेल टीमो के मार्चपास्ट की सलामी ली और खिलाड़ियों से परिचय कर प्राप्त कर कबड्डी प्रतियोगिता हेतु टॉस कर शुभारंभ कर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की।

डीएम ने द्वितीय प्रादेशिक अन्तरजनपदीय/ वाहिनी पुलिस कबड्डी कलस्टर प्रतियोगिता मेजबानी के लिए 31वीं वाहिनी पीएसी को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रथम प्रादेशिक अन्तरजनपदीय/वाहिनी पुलिस कबड्डी कलस्टर प्रतियोगिता में कबड्डी, जिम्नास्टिक, फैन्सिंग, खो-खो खेल आयोजित हो रहे है। ऐसे खेलो के आयोजन से हमारे खिलाड़ियों को बढावा मिलेगा। सेनानायक पंकज भट्ट ने बताया कि द्वितीय प्रादेशिक अन्तरजनपदीय कबड्डी कलस्टर प्रतियोगिता में 12 जनपदों से टीमें पहुंची है। इनमें 31वीं वाहिनी पीएसी, अल्मोड़ा,पौड़ी, चम्पावत, हरिद्वार, नैनीताल, पिथौरागढ़,ऊधमसिंह नगर, आईआरबी प्रथम, द्वितीय, 40वीं,46वीं वाहिनी पीएसी के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है। उन्होंने बताया कि 17 अक्टूबर को समापन होगा।



इस मौके पर उप सेनानायक मिथलेश कुमार सिंह,उप सेनानायक वीर सिंह, सहायक तपेश कुमार चन्द्र, सहायक सेनानायक प्रतिभा भट्ट, उमेश कुमार सोनकर, शिविरपाल,खुर्शीद अली, दया चंद रजवार, गिरीश चंद्र जोशी, श्यामपाल सिंह, भूपेश चंद्र पांडे,पूरन सिंह,गीता उप्रेती आदि मौजूद रहे।

# अभिमत

## सही कदम

*उत्तराखंड समेत देश की अन्य जगहों में बिश्नोई गैंग से जुड़े लोगों को खुफिया तंत्र द्वारा चिह्नित करके शिकंजा कसना होगा। कनाडा सरकार के आधिकारिक बयान में कहा गया है कि हिंसा और आतंकी कृत्यों के लिए कनाडा में कोई जगह नहीं है। बिश्नोई गैंग द्वारा भय का माहौल पैदा करने के लिए विशिष्ट समुदायों को निशाना बनाया जाता है। बिश्नोई गैंग को आतंकवादी संगठन घोषित करने के बाद अब किसी भी कनाडाई नागरिक के लिए इस गैंग को आर्थिक मदद देना या इसके लिए काम करना अपराध माना जायेगा।*

भारत में आतंकवादी घटनाओं की जड़ें विदेश में रही हैं। अस्सी के दशक में खालिस्तानी आतंकवाद के सरगना ब्रिटेन और कनाडा में बैठे थे और उनके इशारे पर गुमराह लोग भारत में खूनखराबा कर रहे थे। खालिस्तानी आतंकवाद का खामियाजा पंजाब के अलावा उत्तराखंड के तराई क्षेत्र को सबसे अधिक भुगतना पड़ा था। पिछले कुछ वर्षों से बिश्नोई गैंग ने तराई समेत देश के अनेक हिस्सों में हत्या और धन वसूली से आतंक फैला रखा था। कनाडा सरकार ने बिश्नोई गैंग को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नताली ड्रोइन के बीच वार्ता के बाद यह फैसला किया गया। अब उत्तराखंड समेत देश की अन्य जगहों में बिश्नोई गैंग से जुड़े लोगों को खुफिया तंत्र द्वारा चिह्नित करके शिकंजा कसना होगा। कनाडा सरकार के आधिकारिक बयान में कहा गया है कि हिंसा और आतंकी कृत्यों के लिए कनाडा में कोई जगह नहीं है। बिश्नोई गैंग द्वारा भय का माहौल पैदा करने के लिए विशिष्ट समुदायों को निशाना बनाया जाता है। बिश्नोई गैंग को आतंकवादी संगठन घोषित करने के बाद अब किसी भी कनाडाई नागरिक के लिए इस गैंग को आर्थिक मदद देना या इसके लिए काम करना अपराध माना जायेगा। बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित करने से अब कनाडा में इस सूची में संख्या 88 हो गई है। आतंकी सूची में शामिल करने से सरकार को इस गैंग के लोगों की संपत्ति, वाहन और धन पर रोक लगाने की शक्ति मिल गई है। भारत के साथ ही ब्रिटिश कोलंबिया के प्रीमियर डेविड एबी ने इसे आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की थी। भारत में बिश्नोई गैंग का खौफ इस कदर है कि बॉलीवुड की हस्तियों को धन देने और हत्या की धमकी मिल रही थी। गैंग का सरगना कनाडा की जेल में है और उसके गुर्गे उत्तराखंड के तराई में सक्रिय हैं। उत्तराखंड में स्टोन क्रशर मालिकों और धनी किसानों को फोन पर धमकी मिल रही थी। स्टोन क्रशर मालिक की हत्या के बाद पकड़े गये शूटरों ने कबूल किया था कि बिश्नोई गैंग के लिए वह काम कर रहे थे। तराई के अमीर परिवारों में एक क्रेज पैदा हो गया है कि कनाडा में युवाओं के लिए रोजगार का अच्छा मौका है। इस भ्रम का फायदा उठाकर धोखेबाज वीजा और नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी कर रहे हैं। धोखाधड़ी के मामलों पर अब अंकुश लगने की उम्मीद है।

# 60 वें दिन भी जारी रहा बागजाला वासियों का धरना

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**



बागजाला को मालिकाना अधिकार देने, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव के अधिकार को बहाल करने, विकास कार्य शुरू करने, पेयजल योजना चालू करने समेत आठ सूत्रीय मांगों पर अनिश्चितकालीन धरना बागजाला गांव के धरना स्थल पर 60 वें दिन भी जारी रहा।

अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी ने बजट जारी होने के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं होने के लिए पीडब्ल्यूडी को रोष व्यक्त करते हुए चेतावनी दी गई थी कि 13꠱31 लाख का बजट जारी होने के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो धरने को पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सम्मुख शिफ्ट किया जायेगा। इस चेतावनी का संज्ञान लेते हुए पीडब्ल्यूडी के एई, जेई अपनी पूरी टीम के साथ बागजाला के धरना स्थल पर पहुंचे। उसके बाद महासभा बागजाला के पदाधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण कराते हुए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सड़क की हालत दिखाई। जिस पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने सड़क की नाप जोख करते हुए सड़क मरम्मत शीघ्रता से करने का आश्वासन दिया है। किसान महासभा ने कहा कि यदि अब भी सड़क का निर्माण शुरू नहीं हुआ तो लोक निर्माण विभाग के कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी ने चेतावनी देते हुए कहा कि, बागजाला गांव में घरों के निर्माण कार्यों पर लगी रोक अभी तक जारी है। यदि वन विभाग अपनी जिद पर अड़ा रहा तो निर्माण कार्यों पर लगी रोक को हटाने के लिए अब वन विभाग के तराई पूर्वी डीएफओ कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। 59 वें दिन विमला देवी, वेद प्रकाश, आनन्द सिंह नेगी, हेमा देवी, हरक सिंह बिष्ट, गोपाल सिंह बिष्ट, मो. परवेज, आजम, भोला सिंह, मीना भट्ट, चन्दन सिंह मटियाली, इशरार अहमद, हेमा आर्य, गणेश राम, विमला देवी, पार्वती देवी, दीवान राम, सुनीता देवी, ललित प्रसाद, देवकी देवी, गीता, सोहन लाल, हरीश, दुर्गा देवी, देवकी, नसीम, हीरा देवी, नीलम आर्य, महेश राम, नीमा देवी, दिनेश चन्द्र, शान्ति देवी, शहजाद,मारूफ अली, इलियास, मजु सिंह, सविता देवी, नसीम, चन्द्र प्रकाश, दिनेश चन्द्र,विमला पाण्डे, दीपा देवी,पूजा, विमला, वासुदेव,भूवन चन्द्र, लीला देवी, सरस्वती देवी, ललित प्रसाद, महेश राम,सुकेलाल, तुलसी देवी,चम्पा देवी, सुलेमान मलिक आदि शामिल रहे।

## कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यशाला का हुआ आयोजन

**नैनीताल** । कृषि विज्ञान केन्द्र ज्योलीकोट में नेशनल मिशन ऑन एग्रीकलचर एकटेंशन एण्ड टैकनोलॉजी (नैमेट) के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुखय अतिथि प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा महेन्द्र सिंह नेगी ने किया। इस दौरान केन्द्र प्रभारी अधिकारी डा. सी तिवारी ने केन्द्र की ओर से की जाने वाली गतिविधियों के विषय में प्रतिभागियों को बताया साथ ही महिला कृषक दिवस के उपलक्ष पर पर्वतीय कृषि में महिलाओं की भूमिका पर कृषक वैज्ञानिक संवाद किया गया। मुख्य कृषि अधिकारी रितु टमटा ने कृषकों को राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की कार्यप्रणाली एवं कृषकों की भागीदारी की महत्ता की जानकारी दी। जिसके बाद प्राकृतिक खेती में जीवामृत घनजीवामृत एवं बीज शोधन की विस्तृत वैज्ञानिक जानकारी के साथ बनाने की विधियों का प्रदर्शन किया गया।

# स्थानांतरण पर नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल को दी गई भावभीनी विदाई

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**



नगर निगम सभागार में प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल को पदोन्नति के साथ देहरादून स्थानांतरित पर भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया।

महापौर विकास शर्मा सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी, पार्षद, ठेकेदार, व्यापारी,नागरिकों ने नगर आयुक्त को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक कर्मठ, निष्ठावान और जनहितकारी अधिकारी बताया।

महापौर ने कहा कि नरेश दुर्गापाल जैसे अधिकारी मिलना दुर्लभ होता है। उनके कार्यकाल में नगर निगम ने जो ऊंचाइयां छुईं, वह उनकी पारदर्शी कार्यशैली और प्रशासनिक प्रतिबद्धता का ही परिणाम है। उनके नेतृत्व में निगम को चार बड़े पुरस्कार प्राप्त हुए, जो शहर के लिए गौरव का विषय है। एक प्रतिभाशाली अफसर छिन गया है जिसकी कमी लंबे समय तक खलेगी। उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे ने कहा कि नरेश दुर्गापाल एक प्रेरणास्त्रोत अधिकारी रहे हैं।

उन्होंने हमें सिखाया कि कठिन परिस्थितियों में भी कैसे संयम और साहस से निर्णय लिए जाते हैं। सम्मान से भावुक हुए नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने कहा कि उन्हें इस टीम के साथ काम करके गर्व महसूस हुआ। उन्होंने कहा मुझे एक ऐसा माहौल मिला जहां सहयोग और समर्पण की भावना थी। महापौर विकास शर्मा की युवा और स्पष्ट सोच ने निगम को नई दिशा दी है। उनका नेतृत्व ही निगम की रफ्तार बना है।उन्होंने कार्यकाल के दौरान सहयोग के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ साथ पार्षदों का भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, एसएनए रणदीप, स्वास्थ्य अधिकारी पीयूष रंजन, चिराग कालरा, राजेश जग्गा, इन्द्रजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## फिल्मी दुनिया

# करिश्मा ने बच्चों संग मनाया दिवंगत संजय कपूर का जन्मदिन





*अभिनेत्री करिश्मा कपूर के बच्चों समायरा और कियान ने अपने दिवंगत पिता संजय कपूर का जन्मदिन मनाया। साथ ही करीना कपूर ने उनके लिए एक भावुक नोट लिखा। बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर के पूर्व पति-बिजनेसमैन संजय कपूर का इसी साल जून में निधन हो गया था। 15 अक्तूबर को दिवंगत बिजनेसमैन के जन्मदिन को उनके बच्चों समायरा और कियान ने धूमधाम से मनाया, जिसकी तस्वीर अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया पर साझा की। इसके अलावा इस तस्वीर को करीना कपूर ने शेयर करते हुए भावुक नोट लिखा है। अभिनेत्री करिश्मा कपूर के बच्चे समायरा और कियान ने 15 अक्तूबर को अपने दिवंगत पिता संजय कपूर के जन्मदिन पर उन्हें याद किया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक केक की तस्वीर पोस्ट की जिस पर लिखा है, 'हैप्पी बर्थडे डैड।*

*करिश्मा की बहन करीना कपूर खान ने अपनी भतीजी और भतीजे के लिए एक भावुक नोट लिखा है। उन्होंने करीना के पोस्ट को साझा करते हुए लिखा, 'मेरे सैम और कीउ, पापा हमेशा तुम्हारी रक्षा करेंगे।' इसके साथ ही कैप्शन में एक दिल वाला इमोजी भी लगाया। करिश्मा कपूर और संजय कपूर की शादी 2003 में हुई थी। दोनों के दो बच्चे हैं ङ्क समायरा और कियान। 2014 में दोनों ने आपसी सहमति से तलाक के लिए अर्जी दी थी, जो 2016 में मंजूर हुआ। करिश्मा कपूर भले ही फिल्मों से कुछ दूरी बनाए हुए हैं, लेकिन उनका स्क्रीन प्रेजेंस आज भी फैन्स को आकर्षित करता है। आपको बता दें कि संजय कपूर की कथित तौर पर 30,000 करोड़ रुपये की संपत्ति पर विवाद है। इसमें करिश्मा कपूर के बच्चों समायरा और कियान के वकील भी इस मामले में अपना पक्ष रख रहे हैं।*

# नाबालिग चला रहा था स्कूटी, वाहन स्वामी पर एफआईआर दर्ज

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

थाना काठगोदाम पुलिस ने मल्ला काठगोदाम चौकी गेट पर चेकिंग के दौरान एक नाबालिग किशोर को बिना ड्राइविंग लाइसेंस और वैध दस्तावेजों के स्कूटी चलाते हुए पकड़ा। जांच में खुलासा हुआ कि स्कूटी वाहन स्वामी नाजिस खान द्वारा एक 16 वर्षीय किशोर मुकेश शर्मा को दी गई थी, जोकि उसकी दुकान में कार्यरत है।

उपनिरीक्षक दिलीप कुमार मय पुलिस टीम कांस्टेबल टीका राम और कांस्टेबल करतार सिंह के साथ शांति व्यवस्था व संदिग्ध वाहन/चमतेवद चेकिंग ड्यूटी पर थे। इसी दौरान स्कूटी संख्या यूके04-टीबी-7146 को रोका गया। वाहन चला रहे किशोर की पहचान मुकेश शर्मा पुत्र श्याम सुंदर शर्मा निवासी चांदमारी मल्ला ब्यूरा, थाना काठगोदाम के रूप में हुई, जिसकी आयु 16 वर्ष पाई गई। पुलिस द्वारा पूछताछ पर नाबालिग मुकेश कोई भी वैध ड्राइविंग लाइसेंस या वाहन के कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। साथ ही स्कूटी पर पीछे बैठा सवारी भावना गोस्वामी बिना हेलमेट के पाया गया। मौके पर चालक के चचेरे भाई गोविंद सिंह परिहार द्वारा मुकेश का विद्यालय प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया गया, जिससे उसकी जन्मतिथि 19 जनवरी 2009 और उम्र 16 वर्ष साबित हुई।

पुलिस द्वारा वाहन स्वामी नाजिस खान पुत्र नजीर अहमद खान निवासी आशा भवन, नई बस्ती, काठगोदाम से संपर्क किया गया, जिसने बताया कि वह दिल्ली में है और मुकेश उसकी दुकान में काम करता है। वाहन स्वामी द्वारा नाबालिग को स्कूटी चलाने देने पर उसके विरुद्ध एफआईआर संख्या 132/2025, धारा 199( I) मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने ई-चालान मशीन के माध्यम से स्कूटी को सीज कर थाने में सुरक्षित रूप से जमा कराया। किशोर मुकेश शर्मा को संरक्षण पत्र बनाकर उसके चचेरे भाई गोविंद सिंह परिहार के सुपुर्द किया गया। इसके अतिरिक्त मौके पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 9 अन्य चालान कर 4500रूपए संयोजन शुल्क वसूला गया।

News कॉर्नर

## नैनीताल में होटल, ढाबों व होमस्टे में छापेमारी की

**नैनीताल ।** आगामी दीपावली के त्योहार को देखते हुए तल्लीताल पुलिस ने क्षेत्र के होटल व होमस्टे में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने होटल व होमस्टे संचालकों से वहां रुकने वाले पर्यटकों की पूरी जानकारी अपने पास रखने की बात कही। साथ ही होटल व होमस्टे में लगे सीसीटीवी कैमरों को ठीक रखने के निर्देश दिये। बता दें कि आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर पुलिस इन दिनों होटल समेत ढाबों व होमस्टे में चैंकिग अभियान चलाकर व्यवस्थाएं जांच रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस ने तल्लीताल व ज्योलीकोट क्षेत्र में होटलों व ढाबों व होमस्टे में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने होटल व होमस्टे में रजिस्टरों की जांच की साथ ही सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की।

# ऑल सेंट्स कालेज नैनीताल बलू ने हराया सैनिक स्कूल घोड़ाखाल को

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

ऑल सेंट्स कॉलेज नैनीताल में आयोजित 12वीं अंतरविद्यालयी बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता का फ इनल मुकाबला बुधवार को ऑल सेंट्स कॉलेज बलू टीम और सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के बीच खेला गया। इस रोमांचक मैच में ऑल सेंट्स की बलू टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शानदार 48-9 अंकों के अंतर से जीत दर्ज की। विजेता टीम की जायना रहमान ने उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए अकेले बेहतरीन 35 अंक बनाए जबकि आरवी शर्मा और दिव्यांशी बिष्ट ने 4-4 अंक जोड़े वहीं सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की ओर से प्रज्ञा पांडे ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए 4 अंक अर्जित किए। समापन मौके पर मुखय अतिथि कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान



सिंह रावत ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफि यॉँ प्रदान कीं और सभी खिलाडियों की खेल भावना की प्रशंसा की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना अत्यंत आवश्यक है और खेल हमें लक्ष्य के महत्व को सिखाते हैं तथा आज के समय में मिलने वाले अनेक विचलनों से दूर रखते हैं। इस अवसर पर ऑल सेंट्स कॉलेज की छात्राओं के साथ-साथ कूर्मांचल बैंक के चेयरमैन एवं मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर के मैनेजर विनय साह समेत डॉ. मनोज सिंह बिष्ट, वृंदावन पबलिक स्कूल की प्रधानाचार्या राखी साह- आलोक साह, पास्टर जॉन जॉर्ज मुन्नवर, ऑल सेंट्स कॉलेज के खेल विभागाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, दीक्षित बिष्ट, सचिन बाजिया, मनोज कनवाल, बलवंत दानू, मनीष मौर्या तथा मयंक बिष्ट सहित अनेक खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

# छठ पर्व पर अवकाश घोषित पर पूर्व विधायक शुक्ला ने सीएम धामी का जताया आभार

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर ऊधमसिंहनगर जिले में 28 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है।

पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी का यह निर्णय जनभावनाओं का सम्मान करने वाला है। छठ पर्व आस्था, तपस्या और सूर्य उपासना का पर्व है, जो समाज में पवित्रता, अनुशासन और परिवारिक एकता का संदेश देता है। यह पर्व न केवल धार्मिक दृष्टि से, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा छठ पूजा के दिन अवकाश घोषित किए जाने से श्रद्धालुजनों को पूजा-अर्चना एवं व्रत अनुष्ठान में सुविधा मिलेगी और जन-जन को पर्व की गरिमा के अनुरूप इसे मनाने का अवसर प्राप्त होगा। शुक्ला ने कहा कि सीएम सदैव प्रदेश की संस्कृति, परंपरा और जनभावनाओं के अनुरूप निर्णय लेते रहे हैं। उनकी संवेदनशीलता और धर्म-संस्कृति के प्रति सम्मान भाव ही प्रदेश को नई दिशा दे रहा है। यह कदम दर्शाता है कि उत्तराखंड सरकार जनता की आस्था और भावनाओं के साथ खड़ी है। पूर्व विधायक ने आशा व्यक्त की कि धामी सरकार आगे भी इसी प्रकार जनहित में कार्य करती रहेगी और धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण हेतु प्रतिबद्ध रहेगी।

समस्त प्रदेशवासियों को धनतेरस दीपावली एवं भैय्यादूज की
हार्दिक शुभकामनाएं
अतिथि रैस्टोरेंट
रामपुर रोड, हल्द्वानी
मनीष अग्रवाल

समस्त प्रदेशवासियों को धनतेरस दीपावली एवं भैय्यादूज की हार्दिक शुभकामनाएं
KABEER BROTHERS
Deals in:- Paints, Paints Material, Brush, Roller, MTO
Hardware:- Exclusive Door & Window Fitting (Aluminium, Iron, Brass, Steel), curtain rods Locks, Fancy Hardware Fittings.
Sanitary:- G.I. Pipe, PVC, Water Storage Tanks, Steel Sinks Geysers,
Wares:- C.P. Fitting, Building Materials & General Order Suppliers.
Distributors:-
Pipe & Fittings (P) Ltd.
Dr. Fixit Water Proofings
Parryware
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
PRINCE
Authorised Dealers:-
Akzo Nobel Dulux
Lewis Berger, Indigo, British, Soldier Paints
Kansal Nerolac Paints Ltd.
Monoblock Pump CROMPTON.
Harrisson Lock, Ling Lock, ESSCO (Jaguar), Hindware
Shop No. 1,2,3,4 Bhatt Market, Mukhani, Kaladhungi Road, Haldwani (Nainital) Uttarakhand
Cont.- 9897363222, 8755356677, 9319725304

